भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †155
सोमवार, 04 दिसम्बर, 2023/13 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

एस डी एस 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं

†155. **श्री संगम लाल गुप्ता:**
श्री पी.पी. चौधरी:
श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत आबंटित निधि सहित स्वीकृत परियोजनाओं का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार उक्त योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य में किसी परियोजना को मंजूरी देने की योजना बना रही है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) क्या सरकार ने उक्त योजना के अंतर्गत परियोजनाओं का चयन करते समय कोई दिशानिर्देश तैयार किए हैं और उनके पालन हेतु कोई प्रक्रिया अपनाई है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय ने देश में स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों का विकास करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन योजना 2.0 (एसडी 2.0) के रूप में परिवर्तित किया है और योजना दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

एसडी 2.0 योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन प्रमुख पर्यटन आकर्षणों, पेशकशों, कनेक्टिविटी, वर्तमान पर्यटन इको-सिस्टम, राज्य सहायता आदि जैसी विशेषताओं के आधार पर विभिन्न गंतव्यों की पर्यटन संभाव्यता का विश्लेषण करते हुए एक राज्य संदर्शी योजना (एसपीपी) तैयार करते हैं। तदनुसार, पर्यटन मंत्रालय इस योजना के अंतर्गत संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से विकास के लिए गंतव्यों का चयन करता है। परियोजनाओं को विकसित करने के लिए योजना दिशा-निर्देशों के अनुसार अपनाई गई प्रक्रियाओं में बेंचमार्किंग और विस्तृत अंतर मूल्यांकन के आधार पर गंतव्य मास्टर प्लान तैयार करना, बड़े और छोटे हस्तक्षेपों को शामिल करना, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करना, राष्ट्रीय, राज्य और गंतव्य स्तर पर सुदृढ़ संस्थागत ढांचा तैयार करना आदि शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश सहित इन अधिसूचित गंतव्यों की राज्य-वार सूची **अनुबंध** में दी गई है।

****

अनुबंध

श्री संगम लाल गुप्ता, श्री पी.पी. चौधरी और श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी द्वारा एस डी एस 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं के संबंध में दिनांक 04.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †155 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत अधिसूचित स्थलों की सूची

क्र सं	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**चयनित/चिन्हित गंतव्य**
1.	आंध्र प्रदेश	गंडिकोटा, अरक्कू-लम्बसिंगी
2.	अरुणाचल प्रदेश	नाचो, मेचुका

3.	असम	जोरहाट, कोकराझार
4.	बिहार	गया, नालंदा
5.	छत्तीसगढ़	बिलासपुर, जगदलपुर
6.	गोवा	पोरवोरिम, कोलवा
7.	गुजरात	धोलावीरा, द्वारका
8.	हरियाणा	पंचकूला (मोरनी)
9.	हिमाचल प्रदेश	पोंग बांध
10.	जम्मू और कश्मीर	बशोली
11.	झारखंड	चांडिल
12.	कर्नाटक	हम्पी, मैसूरु
13.	केरल	कुमारकोम, कोझीकोड (बेपोर)
14.	मध्य प्रदेश	ग्वालियर, चित्रकूट
15.	महाराष्ट्र	सिंधुदुर्ग
16.	मणिपुर	मोइरांग (बिष्णुपुर)
17.	मेघालय	शिलांग, सोहरा
18.	मिजोरम	आइजोल, चंफाई
19.	नागालैंड	नियूलैंड, चुमुकेदिमा
20.	ओडिशा	कोरापुट
21.	पंजाब	अमृतसर, कपूरथला
22.	राजस्थान	बूंदी (केशोरायपाटन), जोधपुर
23.	सिक्किम	गंगटोक, ग्यालशिंग
24.	तमिलनाडु	मामल्लापुरम, नीलगिरी
25.	तेलंगाना	भोंगीर, अनंतगिरि
26.	त्रिपुरा	अगरतला, उनाकोटी
27.	उत्तर प्रदेश	प्रयागराज, नैमिषारण्य
28.	उत्तराखंड	पिथौरागढ़, चंपावत
29.	चंडीगढ़	चंडीगढ़
30.	लक्षद्वीप	लक्षद्वीप
31.	पुद्दुचेरी	पुद्दुचेरी, करियाकल
32.	लद्दाख	लेह, कारगिल
	कुल	**55**

****